University in News on 12 October 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

स्थापना दिवस के साथ हो सकता है लविवि का दीक्षांत

महिला कबड्डी टीम का चयन 14 को

छह कोर्सों के परीक्षा परिणाम जारी

कॉलेजों में प्रवेश के लिए चार दिन और मौका

स्नातक व परास्नातक में दाखिले के लिए पंजीकरण को लविवि आज से 15 तक खोलेगा एलयूआरएन पोर्टल

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त कॉलेजों में स्नातक व परास्नातक की दस हजार से ज्यादा सीटें हैं खाली

सीयूईटी से चूके अभ्यर्थियों के लिए भी मौका

सेमिनार में जाने के लिए लेनी होगी एनओसी

लखनऊ। लविवि विश्वविद्यालय ने देश-विदेश के सेमिनार में भाग लेने के लिए शोधार्थियों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। पीएचडी स्कॉलर को देश में होने वाले सेमिनार के लिए गाइड व विभागाध्यक्ष से एनओसी लेनी होगी। विदेश जाने के लिए शोध पर्यवेक्षक, विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, अधिष्ठाता शोध, डीएसडब्ल्यू, प्रॉक्टर, निदेशक अंतरराष्ट्रीय सहयोग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। रजिस्ट्रार विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी। (संवाद)

लविवि के 41 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

NBT PAGE 6

कोलंबो में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे डॉ. नीरज जैन

■ **एनबीटी, लखनऊः** कोलंबो, श्रीलंका में फिजिकल एजुकेशन पर होने जा रहे पहले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'अप्लाइड स्पोर्ट्स' में लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त प्रफेसर ऑफ एमिनेंस डॉ नीरज जैन भाग लेंगे। कोलंबो के साबरगमुवा यूनिवर्सिटी में होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. नीरज जैन इमर्जिंग प्रोस्पेक्ट्स इन स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एजुकेशन इन श्रीलंका विषय पर व्याख्यान देंगे। उनके साथ नॉर्थ इंडिया से विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र योग शिक्षक ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला और एक अन्य शिक्षक दीपक द्विवेदी भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। भारत की ओर से इस सम्मेलन में कुल 20 लोगों का प्रतिनिधिमंडल जाएगा।

HINDUSTAN PAGE 5

एलयू : 55 हजार को मिलेगी डिग्री

दीक्षांत

■ स्थापना दिवस समारोह की तारीख के निकट दीक्षांत की योजना
■ मेधावियों को मेडल देने के लिए टेंडर निकालने की तैयारी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में लगभग 55 हजार विद्यार्थियों को डिग्रियां दी जाएंगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है।

एलयू में 66वें दीक्षांत समारोह की तारीख अभी तय नहीं हुई है लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि 25 नवंबर को होने वाले 103वें स्थापना दिवस समारोह के आस-पास ही दीक्षांत समारोह होगा। इसके लिए परीक्षा विभाग की ओर से डिग्रियों की छपाई व अन्य जरूरी कार्य शुरू किए जा चुके हैं। इस वर्ष दीक्षांत में करीब 55 हजार विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी।

इसी तरह मेधावियों को दिए जाने वाले मेडल के लिए भी जेम पोर्टल के जरिए एजेंसी की तलाश की जाएगी। इस साल डिग्री छात्र-छात्राओं के पते पर डाक से भेजी जाएंगी और डिजीलॉकर पर अपलोड की जाएंगी। जिससे स्नातक व परास्नातक स्तर में पढ़ाई कर रहे छात्रों को किसी तरह की असुविधा न हो। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बीते वर्ष डिजीलॉकर पर डिग्री व मार्कशीट अपलोड करने की कवायद शुरू की थी। जिसके तहत लगभग पांच लाख डिग्री, मार्कशीट अपलोड की हैं।

बीएचयू, शांति निकेतन जैसा टेक्सटाइल डिजाइन का सिलेबस

लखनऊ विश्वविद्यालय में टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स का सिलेबस तैयार हो गया है। जिसे बीएचयू व शांति निकेतन विवि की तर्ज पर बनाया गया है। नवंबर में होने वाली अध्ययन परिषद की बैठक में इसे मंजूरी दी जाएगी। एलयू के ललित कला संकाय में सत्र 2024-25 से परास्नातक स्तर पर टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स शुरू किया जाएगा। इसमें पांच सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। कोर्स को एकेडमिक काउंसिल व कार्य परिषद से पास कर दिया गया है। संकायाध्यक्ष डॉ. रतन कुमार ने बताया कि टेक्सटाइल डिजाइन कार्यक्रम का सिलेबस तैयार कर लिया गया है।

एलयूआरएन के पंजीकरण 15 तक

लखनऊ। एलयू प्रशासन ने एलयूआरएन पोर्टल दोबारा खोल दिया है। इससे अभ्यर्थियों को 15 अक्टूबर की रात 12 बजे तक पंजीकरण का मौका मिल सकेगा। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बुधवार को आदेश भी जारी कर दिया है। पोर्टल खोलने के लिए प्राचार्यों ने गुहार लगाई थी। जिसका संज्ञान कुलपति प्रो. आलोक राय ने लिया। कालीचरण पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय का कहना है कि पोर्टल खुलने से कॉलेजों में रिक्त सीटें भरने में मदद मिलेगी। वहीं खुन खुन जी गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंशु केडिया का कहना है देर से सही लेकिन छात्रहित में निर्णय लिया गया।

एलयू में सम सेमेस्टर के छह विषयों के नतीजे जारी

लखनऊ। एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत कई विषयों के नतीजे जारी किए गए हैं। परीक्षार्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीकॉम ऑनर्स, एमए गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, अंग्रेजी के चतुर्थ सेमेस्टर, एमलिब, एमएससी एप्लाइड जियोलॉजी के दूसरे सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी कर दिया गया है।

JAGRAN CITY PAGE III

आज से खुलेगा एलयूआरएन पोर्टल, 15 तक मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय ने दी अभ्यर्थियों को राहत अब ले सकेंगे कालेजों में दाखिले

दैनिक जागरण ने अभ्यर्थियों की समस्या को प्रमुखता से उठाया था

पाठ्यक्रम तैयार

परिणाम जारी

क्लाउड की नई तकनीकें जान सकेंगे विद्यार्थी

PIONEER PAGE 3

एलयू की इंजीनियरिग फैकल्टी में एमेजॉन वेब सर्विसेस क्लाउड क्लब की शुरुआत हुई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में एमेजॉन वेब सर्विसेस (एडब्लूएस) क्लाउड क्लब की शुरुआत बुधवार को हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय का अभियांत्रिकी संकाय उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा संस्थान है, जहां एडब्लूएस क्लाउड क्लब की स्थापना की गई है। यह दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे लोकप्रिय क्लाउड प्लेटफॉर्म है, जिसके सहायता से कंपनियां एक सिक्योर इकोसिस्टम को डेवलप कर रही है।

एडब्लूएस क्लाउड क्लब द्वारा संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र स्वप्निल राय को क्लाउड कैप्टन के रूप में चयनित किया गया है। स्वप्निल राय ने डॉक्टर हिमांशु पांडेय के दिशा निर्देशन में एडब्लूएस के तीन चरणों के असेसमेंट को उत्तीर्ण किया एवं वर्ष 2023 के लिए एडब्लूएस क्लाउड कैप्टन के रूप में चयनित हुए, जो कि भारत में कुल 10 क्लाउड कैप्टन और विश्व में कुल 50 क्लाउड कैप्टन में से एक है। एडब्लूएस क्लाउड क्लब की सहायता से अब संकाय में छात्रों के लिए विभिन्न टेक्नोलॉजीस जैसे. क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, वेब होस्टिंगए, डाटा मैनेजमेंट नेटवर्किंग, बिग डाटा मैनेजमेंटए, मोबाइल डेवलपमेंट पर कार्यशालाए संगोष्ठियां, क्लाउड कैंप, टेक टॉक्स का आयोजन किया जा सकेगा। साथ ही छात्रों को विश्व भर के विभिन्न एडब्लूएस एक्सपर्ट से जुड़ने का मौका मिलेगा, जिससे वे न्यू टेक्नोलॉजीस के उपयोग के बारे में जान सकेंगे। अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रो एके सिंह द्वारा छात्र को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।

प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 41 छात्रों का चयन

विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में सत्र 2023 में प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 29 छात्रों का चयन यंग साइंटिस्ट के पद पर हुआ है। यह चयन प्रक्रिया पूरे यूपी में की गई जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के 29 छात्रों का चयन किया गया है। प्रोफेसर अनूप कुमार भारतीय विभागाध्यक्ष ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है की यूपीएसआरएलएम् ने समाज कार्य विभाग में प्लेसमेंट ड्राइव की और समाज कार्य विभाग व बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के 12 विद्यार्थीयों का चयन किया है।

माता-पिता के सहमति शपथपत्र पर शोधार्थियों को मिलेगी विदेश जाने की अनुमति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से शोध करने वाले शोधार्थियों को अब सेमिनार, वर्कशाप में भाग लेने के लिए विदेश जाने से पूर्व माता-पिता की सहमति का शपथ पत्र देना होगा। इसके बाद ही उन्हें विदेश यात्रा जाने के लिए विवि प्रशासन एनओसी जारी करेगा। विवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि देश के अंदर सेमिनार, वर्कशाप में शामिल होने के लिए शोधार्थियों को शोध पर्यवेक्षक की संस्तुति पर विभागाध्यक्ष एनओसी जारी कर सकेंगे। जबकि विदेश जाने के लिए माता-पिता के सहमति शपथ पत्र पर एनओसी जारी होगी। शपथ पत्र पर माता-पिता को यह बताना होगा कि उन्हें विदेश जाने में कोई आपत्ति नहीं है। सहमति शपथ पत्र मिलने के उपरान्त शोध पर्यवेक्षक, विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, अधिष्ठाता शोध, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलानुशासक, निदेशक अंतरराष्ट्रीय सहयोग के अनुमोदन के उपरान्त जारी किये जायेंगे।

i-NEXT PAGE 6

आज खुलेगा एलयूआरएन पोर्टल

यहां होंगे इन कोर्सों में सीधे दाखिले

सीधे ले सकेंगे एडमिशन

AMRIT VICHAR PAGE 4

लर्न पोर्टल पर लगी रोक हटी, फिर शुरू होंगे दाखिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 15 की मध्यरात्रि तक के लिए खोला गया है लर्न पोर्टल, कुलपति के साथ हुई बैठक में उठा था मुद्दा

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक एवं परास्नातक में छात्र-छात्राएं दाखिला ले सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय ने लर्न पोर्टल खोल दिया है। पोर्टल 15 अक्टूबर की मध्यरात्रि तक खुला रहेगा।

बता दें कि 3 को लविवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने संबद्ध महाविद्यालयों के प्रबंधकों और प्राचार्यों के साथ बैठक की थी। बैठक में भी लर्न (लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर) पोर्टल बंद होने का मुद्दा उठा था। कुछ महाविद्यालय के प्रबंधकों और प्राचार्यों ने कहा था कि पोर्टल बंद होने के कारण दाखिले नहीं हो पा रहे हैं। संबद्ध महाविद्यालयों और छात्र-छात्राओं के अनुरोध पर लर्न पोर्टल खोल दिया गया है। पोर्टल 15 की मध्यरात्रि तक खुला रहेगा। इस अवधि में संबद्ध महाविद्यालय छात्र-छात्राओं का दाखिला ले सकते हैं।

अब आठ जगह से लेना होगा अनापत्ति प्रमाण पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : शोध करने वाले छात्र-छात्राओं को सेमिनार या वर्कशाप में देश से बाहर जाने के लिए आठ जगह से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। जबकि देश में कहीं जाने के लिए शोध पर्यवेक्षक की संस्तुति पर विभागाध्यक्ष अपने स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र दे सकते हैं। लविवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने उक्त आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार विदेश में होने वाले सेमिनार या वर्कशाप के लिए शोधार्थी को शोध पर्यवेक्षक, विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, अधिष्ठाता शोध, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलानुशासक, निदेशक अंतरराष्ट्रीय सहयोग और माता-पिता की सहमति शपथ पत्र पर होगी।

लविवि के 41 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 41 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से 11 से 13 जुलाई को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव चलाई गई थी। मिशन के संयुक्त निदेशक मिथलेश कुमार तिवारी ने बताया कि चयनित छात्रों का ऑफर लेटर सेवाप्रदाता संस्थान मेल से भेजेगी। ऑफर लेटर के माध्यम से रिपोर्टिंग दिवस, स्थल और मानदेय की जानकारी दी जाएगी।

विभिन्न विषयों का सम सेमेस्टर परीक्षाफल जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीकॉम आनर्स, एम लिब, एमए होम साइंस, एमए सोशियोलॉजी, एमएससी एप्लाइड जियोलॉजी और एमए अंग्रेजी का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। परीक्षाफल लविवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है।

नवीन तकनीक के बारे में जान सकेंगे छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लविवि के अभियांत्रिकी संकाय में एमेजॉन वेब सर्विसेस क्लाउड क्लब हुआ शुरू

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र एडब्ल्यूएस क्लाउड क्लब की सहायता से नवीन तकनीक के बारे में जान सकेंगे। साथ ही उन्हें विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा।

लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में एमेजॉन वेब सर्विसेस क्लाउड क्लब की शुरुआत हुई। लविवि का अभियांत्रिकी संकाय में एडब्ल्यूएस क्लाउड क्लब की स्थापना की गई है। यह सबसे बड़ा और लोकप्रिय क्लाउड प्लेटफॉर्म है। एडब्ल्यूएस क्लाउड क्लब की ओर से संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र स्वप्निल राय को क्लाउड कैप्टन चुना गया है। स्वप्निल राय ने डॉ. हिमांशु पांडेय के दिशा निर्देशन में एडब्ल्यूएस के तीन चरणों के असेसमेंट को उत्तीर्ण किया। भारत में कुल 10 क्लाउड कैप्टन और विश्व में कुल 50 क्लाउड कैप्टन में से एक है। अब संकाय में छात्रों के लिए विभिन्न टेक्नालॉजी क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, वेब होस्टिंग, डाटा मैनेजमेंट नेटवर्किंग, बिग डाटा मैनेजमेंट, मोबाइल डेवलपमेंट पर कार्यशाला, संगोष्ठियां, क्लाउड कैंप, टेक टॉक्स का आयोजन होगा।

यंग साइंटिस्ट पद पर हुआ 29 छात्रों का चयन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 29 छात्रों का चयन यंग साइंटिस्ट के पद पर हुआ है। विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने कहा कि यूपीएसआरएलएम ने समाज कार्य विभाग में प्लेसमेंट ड्राइव की और समाज कार्य विभाग व बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के विद्यार्थियों का चयन किया।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 7

विदेश जाने के लिए 8 जगहों से लेनी होगी शोध छात्र को क्लीयरेंस

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के पंजीकृत शोध छात्र को यदि किसी सेमिनार में भाग लेने के लिए विदेश जाना है तो उसे आठ जगहों से क्लीयरेंस लेनी होगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने एक आदेश जारी किया है, जिसमें उन्होंने साफ किया है कि लखनऊ विश्वविद्यालय का रिसर्च स्कॉलर यदि विदेश में जाकर किसी सेमीनार को अटेंड करना चाहता है तो उसे आठ जगहों से क्लीयरेंस लेनी होगी। आदेश में साफ किया गया है कि यदि देश के अंदर उसे कही जाना है तो कोऑर्डिनेटर की संस्तुति पर विभागाध्यक्ष द्वारा उसे अनुमति मिल जाएगी, लेकिन यदि विदेश जाना है तो शोध पर्यवेक्षक विभाग अध्यक्ष, संकाय अध्यक्ष, अधिष्ठाता, रजिस्ट्रार, डायरेक्टर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के साथ ही अभिभावक की सहमति वाला एक हलफनामा भी देना होगा, उसी के आधार पर उसे विदेश जाने की परमिशन मिलेगी। हालांकि कई शोध छात्रों ने कहा है कि कॉविड-19 के बाद से अब न तो विदेश से रिसर्च स्कॉलर आते है और न ही यहां से जाते है, सब कुछ ऑनलाइन हो जाता है क्योंकि आने जाने का खर्च कोई भी नहीं देना चाहता, और ऊपर से अगर इतनी जगह से क्लीयरेंस लेनी होगी, तो वैसे भी कोई नहीं जाना चाहेगा। इसके अलावा विदेश जाकर सेमिनार में भाग लेने को लेकर मोटा रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होता है, ऐसे में गरीब छात्र जल्दी जाता ही नहीं है। हां, ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शिक्षक बुलाए जाते हैं जिन्हें शामिल होने के लिए पेमेंट मिलती है या कई बार प्रोफेसर इन्हीं बहानों के चलते विदेश घूमने के लिए लालायित रहते है।

रजिस्ट्रार ने जारी किया नया आदेश, रिसर्च स्कॉलर बोले- अब इसकी जरूरत नहीं

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लविवि के 41 छात्रों का प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 41 छात्रों का चयन यंग साइंटिस्ट के पद पर हुआ है। उक्त चयन प्रक्रिया पूरे यूपी में की गई जिसमें लविवि समाज कार्य विभाग के 29 छात्रों का चयन हुआ है। इस बारे में प्रो.अनूप कुमार भारतीय विभगाध्यक्ष ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) ने समाज कार्य विभाग में प्लेसमेंट ड्राइव की और समाज कार्य विभाग और व्यापार प्रशासन विभाग के 12 विद्यार्थीयों का चयन किया है। इस दौरान कुलपति समेत सभी शिक्षकों ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

एलयू में ए.डब्लू.एस. क्लाउड क्लब की स्थापना

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में एमेजॉन वेब सर्विसेस (एडब्लूएस)क्लाउड क्लब की शुरुआत हुई। लविवि का अभियांत्रिकी संकाय उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा संस्थान है, जहां एडब्लूएस क्लाउड क्लब की स्थापना हुई है। यह दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे लोकप्रिय क्लाउड प्लेटफॉर्म है, जिसकी सहायता से कंपनियां एक सिक्योर इकोसिस्टम को विकसित कर रही है। एडब्लूएस क्लाउड क्लब द्वारा संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र स्वप्निल राय को क्लाउड कैप्टन के रूप में चयनित किया गया है। स्वप्निल राय ने डॅा.हिमांशु पांडेय के दिशानिर्देशन में एडब्लूएस के तीन चरणों के असेसमेंट (स्किल असेसमेंट टेस्ट, वीडियो ऑडिशन, पर्सनल इंटरव्यू) को उत्तीर्ण किया और इस वर्ष के लिए एडब्लूएस क्लाउड कैप्टन के रूप में चयनित हुए। जोकि भारत में कुल 10 क्लाउड कैप्टन और विश्व में कुल 50 क्लाउड कैप्टन में से एक है। एडब्लूएस क्लाउड क्लब की सहायता से अब संकाय में छात्रों के लिए विभिन्न टेक्नोलॉजीस जैसे क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, वेब होस्टिंग, डाटा मैनेजमेंट नेटवर्किंग, बिग डाटा मैनेजमेंट, मोबाइल डेवलपमेंट पर कार्यशाला, संगोष्ठियां, क्लाउड कैंप और टेक टॉक्स का आयोजन किया जा सकेगा। साथ ही छात्रों को विश्वभर के विभिन्न एडब्लूएस एक्सपर्ट से जुड़ने का मौका भी मिलेगा। जिससे वे न्यू टेक्नोलॉजी के उपयोग के बारे में अच्छी तरह से जान सकेंगे। इस मौके पर अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रो.एके सिंह द्वारा छात्र को सम्मानित कर उसका उत्साहवर्धन किया गया।